हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
NEWS
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–315 : जौनपुर, बुधवार 30 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## स्वॉट टीम ने पकड़ी साढ़े चार करोड़ की चरस : आंध्र प्रदेश से जुड़े हैं तस्करों के तार : दो गिरफ्तार

मैनपुरी ब्यूरो : आंध्र प्रदेश से तस्करी कर लाई गई करीब छह किलो चरस को स्वॉट टीम ने भोगांव पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई के दौरान बरामद करने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई में दो तस्कर भी पुलिस के हाथ लगे। बुधवार को एसपी ने प्रेसवार्ता कर कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। बताया कि मादक पदार्थ तस्करी करने वालों के संबंध में कई अहम जानकारियां भी हाथ लगी हैं। एसपी अशोक कुमार राय ने बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जिले में मादक पदार्थ का व्यापार करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। मंगलवार को स्वॉट और साइबर टीम प्रभारी विक्रम सिंह को सूचना मिली थी कि भोगांव क्षेत्र में मैनपुरी जाने वाले मार्ग पर बने यात्री प्रतीक्षालय के पास मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो शातिर मौजूद हैं। इस सूचना पर स्वॉट टीम प्रभारी ने उप–निरीक्षक जैकब फर्नाडीज, एसआई मोहित राणा, मनोज कुमार व टीम के साथ घेराबंदी की। पुलिस को नजदीक आता देख यात्री प्रतीक्षालय पर मौजूद तस्कर भागने लगे, लेकिन दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास एक बड़े झोला में करीब छह किलो चरस बरामद हुई। एसपी ने बताया कि बरामद चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब साढ़े चार करोड़ रुपये की कीमत है। यह उच्च क्वालिटी की चरस है। पूछताछ में पकड़े गए तस्करों ने बताया कि वे आंध्र प्रदेश से चरस को तस्करी कर लाते हैं, इसके बाद मैनपुरी व आसपास के जिलों में फुटकर बिक्री कर मोटा लाभ कमाते हैं। पूछताछ करने पर तस्करों ने अपने नाम विनय प्रताप भदौरिया निवासी जरामई दन्नाहार, उपेंद्र उर्फ भूरा यादव निवासी गांव डुडिया थाना मिरहची एटा बताया। मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़ी कई अहम जानकारियां भी उनसे हासिल हुई हैं, जिस पर टीम को काम पर लगाया गया है। विनय भदौरिया है बेहद शातिर अपराधी सीओ अपराध चंद्रकेश सिंह ने बताया कि विनय अपने ट्रकों से गांजा, चरस आदि मादक पदार्थों की तस्करी करता है। जब किसी कार्रवाई में उसके ट्रक व माल पकड़ा जाता है तो वह किसी गरीब व्यक्ति का किरायानामा बनाकर अपने ट्रक को छुड़वा लेता है। पकड़े गए दोनों ही अभियुक्त फिरोजाबाद, एटा और मैनपुरी में दर्ज मामलों में वांछित भी चल रहे थे। इनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एनसीबी की ली जाएगी मदद एएसपी मधुवन कुमार ने बताया कि पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के बाद फुटकर खरीदारी करने वाले व्यापारियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। उन्हें भी गिरफ्तार कर जनपद में हो रही मादक पदार्थों की तस्करी को रोका जा सकेगा। उड़ीसा, आंध्र प्रदेश के मुख्य स्रोत के बारे में पता लगाकर नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की मदद से गिरफ्तारी का प्रयास किया जाएगा। गैंगस्टर की कार्रवाई के तहत अपराध से अर्जित की गई संपत्ति की कुर्की किए जाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

## बसपा नेता की 50 करोड़ की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर : नोटिस का जवाब न देने पर कार्यवाही

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में अवैध निर्माण करने वालों पर बुलडोजर का कहर जारी है। बुधवार को हजरतगंज के बालू अड्डा में एलडीए की टीम ने बसपा नेता फहाद व याजदान बिल्डर की 50 करोड़ की अवैध इमारत को ढहाने की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई से हंगामा मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद हैं। मामले में कई बार नोटिस जारी किया जा चुका है पर कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई है। कार्रवाई पर भड़के बिल्डर के गुर्गे मारपीट पर आमादा हैं। पुलिस ने निवेशक पर हमला करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसीपी हजरतगंज अखिलेश सिंह, इंस्पेक्टर श्याम बाबू शुक्ला के साथ भारी



पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद है।

## 31 मार्च 2022 को रोजगार मेला का होगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर (निकट नारायण नर्सिंग होम रासमण्डल होटल रिवर ब्यू के सामने) जौनपुर में पंजीकृत बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का आयोजन 31 मार्च 2022 को प्रातः 10 बजे कार्यालय कैम्पस में किया गया है, इसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियाँ – नव भारत फार्टिलाइजर्स, निशांत समाज कल्याण चंदौली, भारत हैवेल्स प्रा0लि0,जी0ओ0 लाइफ केयर, श्री सॉई सर्विस, हिन्दुस्तान लीवर, मेक आग्रेनिक, पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 एवं एक्स जेन्स एक्वा प्रा0लि0 के द्वारा कुल 713 पदों हेतु आयुसीमा 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षिक अर्हता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर भर्ती करेगी, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को वेतमान रूपया 10000 से 20000 तक वेतन कम्पनियों द्वारा दिया जायेगा।रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को विभाग के वेब पोर्टल www.sewayojan.up.nic.in पर अपना आनलाइन पंजीयन एवं अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ सहित प्रतिभाग कर सकते। जनपद के बेरोजगार युवक–युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## अजीब गांव गजब विकास : टाण्डा विकासखंड अंतर्गत फरीदपुर कुतुब गांव के विद्यालय में फर्नीचर घोटाला

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नियमानुसार पहले बेंच कुर्सी लगाई जानी चाहिए थी और उसके बाद उसकी जांच होती है और उसके बाद ही पेमेंट रिलीज किया जाता है लेकिन फरीदपुर कुतुब में इन सभी को नजरअंदाज कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि जिन लोगों को उसकी जांच करने का जिम्मा था उन्होंने अपनी जांच कैसे की । जिन के हस्ताक्षर से पैसे निकलने थे उन्होंने फर्जी भुगतान के पर हस्ताक्षर कैसे किए। अंबेडकर नगर जिले के टांडा विकासखंड अंतर्गत फरीदपुर कुतुब गांव का विद्यालय बदहाली के आंसू बहा रहा है । सरकार द्वारा कुर्सी बेंच लगाकर बच्चों के बैठने की व्यवस्था की गई लेकिन जिनके मातहत यह कार्य था वह अपनी जेब भरने में मस्त रहे । इतना ही नहीं बच्चों के बैठने की व्यवस्था को भी इन महान अधिकारियों ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया और उस पर भी आला अधिकारी सफाई देने से बाज नहीं आ रहे हैं। गांव के जागरूक लोगों ने जब सूचना मांगी तो संबंधित टालमटोल करते रहे लेकिन जनसुनवाई पोर्टल पर जब सूचना मांगी गई तो सारी सच्चाई सामने आ गई। 23 दिसंबर 2021 को खंड विकास अधिकारी टांडा द्वारा इसका स्पष्टीकरण जारी किया गया और बताया गया कि 1 सप्ताह में यह कुर्सी बेंच लग जाएंगे लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि अभी 1 सप्ताह नहीं हुए हैं । सवाल ही यह की जब बेंच लगी ही नहीं तो उसका फंड कैसे रिलीज कर दिया गया। क्या इन अधिकारियों पर विभागीय जांच बैठेगी या यूं ही मामले को लीपापोती कर हवा में उड़ा दिया जाएगा। बच्चों के साथ इस तरह का अन्याय करने वाले अधिकारियों को क्या विभाग माफ कर देगा और उन्हें दोबारा ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा आने वाला समय बताएगा। क्या जिन अधिकारियों पर इसकी जांच का जिम्मा है उन पर कार्रवाई होगी या ग्राम पंचायत के सचिव और प्रधान इस मामले को रफा–दफा कर देंगे।

## सपा नेता मनुरोजन की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने बनाईं 5 टीमें : 25 हजार का घोषित है इनाम

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जिले के चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोपा बाजार में बवाल, तोड़फोड़ और आगजनी की घटना एक बड़ी साजिश थी। जिस दिन योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले रहे थे उसी दिन गोरखपुर में बड़ा बवाल कराने की साजिश रची गई थी। पुलिस की जांच में अब यह बात सामने आ रही है। और साजिशकर्ता के रूप में स्थानीय स्तर पर सपा नेता मनुरोजन यादव का भी नाम सामने आ गया है। एसएसपी ने मनुरोजन यादव सहित तीन आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए 25–25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। पुलिस की पांच टीमें इनकी तलाश में दबिश पर दबिश दे रही हैं। झंगहा क्षेत्र के राघव पट्टी पड़री के फैलहा टोला निवासी सेना के जवान धनंजय यादव की मौत को लेकर 25 मार्च को चौरी चौरा के भोपा बाजार में जमकर बवाल हुआ था। एक घंटे तक रेल ट्रैक रोका गया था पांच घंटे तक गोरखपुर–देवरिया मार्ग को शव रखकर ठप कर दिया गया था। डीएम ने पीड़ित परिवार से बात की और करीब–करीब सहमति भी बन गई थी उसके बाद अचानक उपद्रवियों ने पुलिस प्रशासन पर पथराव कर दिया था। इस दौरान पुलिस के साथ ही आम लोगों की भी गाड़ियां भी तोड़ी गई थीं। आगजनी भी हुई थी। इस मामले में सात एफआईआर दर्ज की गई। एक रेलवे पुलिस ने दर्ज की तो वहीं छह एफआईआर चौरी चौरा थाने में दर्ज हुई। इस में पांच रिपोर्ट आम लोगों की ओर से तो एक रिपोर्ट इंस्पेक्टर चौरी चौरा की तहरीर पर दर्ज हुई। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी के नेतृत्व में रविवार को पुलिस ने 9 आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता चला कि सपा के कई नेता घटनास्थल से दूर रहकर भीड़ को उकसा रहे थे। इन लोगों में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सपा नेता मनुरोजन यादव, चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नरसिंह यादव और अरविंद यादव का नाम सामने आया है। एसएसपी ने तीनों के खिलाफ 25–25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। इनकी तलाश के लिए पांच टीमें दबिश दे रही हैं। गांव से युवक गायब,पसरा सन्नाटा झंगहा थाना क्षेत्र के राघोपट्टी पडरी टोला फैलहा गांव में सोमवार को भी सन्नाटा रहा। बुजुर्गों और महिलाओं को छोड़ युवक गांव छोड़कर फरार हैं। मृतक सैनिक धनंजय यादव के पिता रामनाथ यादव ने कहा कि उनके परिवार ने प्रशासन के निर्देशों का पालन किया लेकिन उनके ही परिवार के सदस्यों तथा निर्दोषों पर केस दर्ज कर प्रताड़ित किया जा रहा है। सोमवार को सिर मुड़ाने की क्रिया होनी थी लेकिन प्रशासन के भय से कोई नहीं आया। सपा ने पुलिस पर लगाया ज्यादती का आरोप सपा नेताओं ने जिलाधिकारी से मिलकर सोमवार को ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि चौरी चौरा में सैनिक धनंजय यादव के शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने तथा तोड़फोड़ किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जिलाधिकारी से इस मामले की जांच कराने और निर्दोषों के खिलाफ कार्रवाई रुकवाने की गुजारिश की। सपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि चौरी चौरा के राघोपट्टी पड़री (फैलहा) में झंगहा क्षेत्र के सैनिक का शव एंबुलेंस से आने के कारण आक्रोश फैल गया। कुछ युवाओं ने शव भोपा बाजार चौराहे पर रखकर आंदोलन शुरू कर दिया। इसमें किसी राजनीतिक दल या नेता की कोई भूमिका नहीं थी। जबकि प्रथम सूचना रिपोर्ट में मनुरोजन यादव,नरसिंह यादव,डबलू मियां को नेतृत्वकर्ता दिखाकर राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। अलग–अलग इलाकों से जुटाई गई भीड़ चौरी चौरा के भोपा बाजार में बवाल कराने वालों ने अलग–अलग इलाकों से भीड़ जुटाई थी। बवाल के मास्टर माइंड माने जा रहे मनुरोजन यादव वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में चौरी चौरा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी रहे थे। नामजद आरोपित झंगहा,चौरी चौरा,खोराबार और पिपराइच क्षेत्र के रहने वाले भी सामने आए हैं। इसका साफ मतलब है कि बड़े स्तर पर बवाल कराने के लिए बाहरी लोगों को बुलाया गया। इनकी गिरफ्तारी के लिए संबंधित थानों की टीम भी लगाई गई है। लखनऊ में मिल रही लोकेशन घटना में नाम सामने आने के बाद ही मनुरोजन,नरसिंह और उनके साथियों ने शहर छोड़ दिया। इनके सहयोगी गलत तरीके से नाम शामिल किए जाने की दलील दे रहे हैं। सोमवार को गोरखपुर पुलिस की टीम ने देवरिया, कुशीनगर के साथ ही जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। देर शाम पता चला कि मनुरोजन व उसके साथी लखनऊ चले गए हैं। एवीबीपी ने सौंपा ज्ञापन भोंपा बाजार चौराहे पर बीते शुक्रवार को जवान धनंजय के सम्मान की मांग को लेकर जो उपद्रव हुआ उसमे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। चौरी चौरा बवाल में झंगहा इंस्पेक्टर सस्पेंड चौरी चौरा के भोपा बाजार में हुए बवाल में पुलिस की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने इंस्पेक्टर झंगहा संतोष अवस्थी को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही मामले की जांच भी शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि इस घटना की साजिश तीन दिन पहले से चल रही थी। सोशल मीडिया के जरिये लोगों को उकसाया जा रहा था। फिर भी पुलिस को भनक नहीं लगी। 25 मार्च को जब सेना के जवान धनंजय का शव जीआरडी पहुंचा और सम्मान नहीं मिलने का आरोप लगाकर लोगों ने विरोध किया तब भी पुलिस ने लापरवाही बरती। परिवारीजन धनंजय का शव लेकर चौरीचौरा के भोपा बाजार पहुंचे। साथ ही पूरी तैयारी के साथ झंगहा, खोराबार,पिपराइच और चौरी चौरा से लोगों को जुटाया गया। ग्रामीणों के गांव से 11 किमी दूर भोपा बाजार पहुंचने तक पुलिस हालात नहीं संभाल सकी। बवाल के बाद पुलिस ने सपा नेता मनुरोजन सहित तीन लोगों पर 25–25 हजार का इनाम घोषित किया है। वहीं, चौरी चौरा मुंडेरा बाजार नगर पंचायत के वार्ड नम्बर पांच से सभासद वसीम अहमद की गिरफ्तारी भी सवालों के घेरे में आ गई है। इस गिरफ्तारी पर भी आमलोगों के बीच पुलिस की किरकिरी हो रही है क्योंकि वसीम पर अभी तक एक भी मुकदमा नहीं दर्ज है। हालांकि वसीम का भाई खुर्शीद इस मामले में नामजद है।

## लायंस क्लब क्षितिज ने आयोजित किया होली मिलन समारोह में अधिकारियों के साथ की गयी बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब क्षितिज ने नगर के होटल में सभी लायंस सदस्यों के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष लायन जय कृष्ण साहू व चेतना साहू ने आए हुए सभी सदस्यों को अबीर–गुलाल लगाकर सभी को होली की बधाइयां दी। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह (रानू) ने कहा कि होली हंसी खुशी का त्यौहार है और इसे हंसते हुए मनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने अग्रिम 3 अप्रैल को होने वाले हिंदू नव वर्ष और डांडिया प्रोग्राम के लिए भी सभी का आह्वान किया। जोन चेयर पर्सन लायन दिलीप सिंह ने आए हुए सभी सदस्यों का का स्वागत व अभिनंदन किया। रंगारंग कार्यक्रम में डॉक्टर प्रिया सिंह ने एक मनमोहक प्रस्तुति दी। सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रतिभाएं दिखाई। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव लायन प्रदीप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर कार्यक्रम संयोजक जगदीश मौर्य (गप्पू) व मालती मौर्या, संजय बैंकर व सुधा बैंकर, अतुल चतुर्वेदी, सुनील जयसवाल व सोनी जायसवाल ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विष्णु सहाय, सीमा सहाय, यवनिका




सिंह, अर्चना सिंह, नीतू सिंह, विनय बरोतिया, मीना सेठ, अजयनाथ जयसवाल, श्रद्धा जयसवाल, अजीत सोनकर, सुषमा सोनकर, अतुल सिंह, आराधना सिंह, दीपक साहू, चांदनी साहू, देवानंद, सिल्की श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह (पिंकू), मृदुला सिंह, देवेश जी वैश्य, धर्मेंद्र सेठ, किरण सेठ, दिलीप जायसवाल, बबीता जयसवाल, डॉ चंदन गुप्ता, अंजली गुप्ता, जगदीश मोदनवाल, ऊषा मोदनवाल, कौशल त्रिपाठी, मनीष मौर्य, वंशिका मौर्य, नीरज कुमार सिंह, रेखा सिंह, राजीव गुप्ता, मीना गुप्ता, सुधा बैंकर, संजय गुप्ता, संजय जयसवाल, शिल्पी जयसवाल, सर्वेश जयसवाल, नीलम जयसवाल, शिवेंद्र कुमार सेठ, सोनी जयसवाल, सुनील कनौजिया, निशा कनौजिया, वैभव श्रीवास्तव, रिंकी श्रीवास्तव, विशाल बरनवाल, एकता बरनवाल, आशीष सिंह, डॉ.प्रिया सिंह, डॉ. दीपशिखा सिंह, डॉ. अश्वनी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## दीनदयाल फाउंडेशन गुजरात टीम के द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण किया गया

गुजरात ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : दीनदयाल फाउंडेशन गुजरात महिला अध्यक्ष रंजीता तिवारी प्रकाश जोशी गुजरात उपाध्यक्ष राहुल कुमार बड़ोदरा अध्यक्ष सविता प्रजापति बड़ोदरा उपाध्यक्ष राकेश भाई मकवाना बड़ोदरा सचिव पिंकी जी कजला बड़ोदरा प्रचारक



जगमंदिर भाई बड़ोदरा प्रचारक सत्येंद्र सिंह बड़ोदरा मंत्री उमेश चंद्र सामा सचिव काजल हेवंती पटेल सामा प्रभारी अनिता बेन पाटिल सामा सचिव जी ने साथ मिलकर इस सराहनीय कार्य को किया यह लोग वास्तव में जो जरूरतमंद है उन लोगों तक हर प्रकार की सेवाएं पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं ऐसे टीम को आप लोगों का स्नेह आशीर्वाद की आवश्यकता है इस सराहनीय कार्य के लिए दीनदयाल फाउंडेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पांडेय एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी (राष्ट्रीय प्रचारक जयप्रकाश तिवारी )जी के द्वारा गुजरात टीम को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई यदि हम सभी थोड़ा थोड़ा प्रयास करें तो अपने समाज को बहुत आगे ले जा सकते हैं लेकिन हम लोग हमेशा समाज को नीचा गिराने का प्रयास करते हैं अच्छे कार्य करने वालों को हतोत्साहित करते हैं यह काम बंद करना होगा बल्कि साथ मिलकर अपने समाज को और आगे बढ़ाना होगा।

## बहुचर्चित समाज सेवी राजेश कुमार ने फिर पेश की मानवता की मिशाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर के समाजसेवी राजेश कुमार ने एक वृद्ध व्यक्ति को वृद्धाश्रम पहुंचवाया जो दो–तीन दिन से सड़क के किनारे पड़ा था । समाज सेवी ने बताया कि वे विकलाँग बच्चों के लिए साईबर कैफे में कुछ जरुरी कागज तैयार करा रहे थे। तभी सन्दीप शुक्ल नामक व्यक्ति का फोन आया उन्होनें बताया कि



बी0आर0पी0 इंटर कॉलेज गेट के सामने एक असहाय लावारिश वृद्ध व्यक्ति दो–तीन दिन से पड़े हुए है , जैसे ही उन्हें यह पता लगा वे तत्काल अपना काम छोड़ कर वृद्ध व्यक्ति की मदद में निकल पड़े वहां पहुच कर देखा की वो जमीन पर पड़े है, फिर वे उस वृद्ध व्यक्ति को उठा कर एक कुर्सी पर बैठाया, उनका हाथ ,पैर , मुंह धुलाया और कुछ खिलाने पिलाने का प्रयास किया परन्तु वे असफल रहें, फिर वे वृद्धआश्रम से पंकज को बुलाकर वृद्धआश्रम भेजा, जो सच्ची मानवता का मिसाल प्रतीत हुआ वहां खड़े लोगों ने जब राजेश जी से सराहना की तो उन्होंने लोगों से बताया कि उन्हें इस पुण्य कार्य को कर के बहुत खुशी मिली कि वे जिस बी आर पी इंटर कॉलेज से शिक्षा– दीक्षा ग्रहण की है उसी गेट के सामने आज मुझे एक लावारिश असहाय बूढ़े बाबा की सहायता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस पूरे विशेष मानव सेवा मे समाज सेवी प्रमोद माली का बहुत सहयोग मिला।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सत्य हमेशा पानीं में तेल की एक बून्द के समान होता है, आप कितना भी पानी डालें वह हमेंशा ऊपर ही तैरता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

# सम्पादकीय

## आत्मनिर्भरता के दायरे में केवल मुफ्त खाद्यान्न बांटना ही काफी नहीं, युद्ध संकट की काली छाया

मोदी सरकार ने 2014 में मेक इन इंडिया और 2020 में आत्मनिर्भर भारत सहित कई पहल शुरू की है। लेकिन तथ्य यह है कि भारत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भर होने से बहुत दूर है। कई देशों की तरह भारत भी वैश्विक शृंखला में व्यवधान से प्रभावित हुआ है और ऐसा सिर्फ सैन्य हथियारों के लिए रूस पर हमारी निर्भरता के कारण नहीं है।

वर्ष 2022 उसी तरह बीत सकता है, जैसा हमने इस साल की शुरुआत में अनिश्चितता खत्म होने पर जश्न मनाते समय सोचा था। हमारी पुरानी आशंकाएं खत्म हो गई हैं, लेकिन हम यह भी नहीं जानते कि आगे क्या होने वाला है। इस साल के शुरू होते ही ऐसा नहीं था। हममें से कई लोग महामारी के करीब आने से भयभीत थे, हालांकि स्थानीय और वैश्विक, दोनों अर्थव्यवस्थाएं तेजी से पटरी पर लौट रही थीं। हमें पता था कि यह आसान नहीं होगा और महामारी से पहले की 'सामान्य' स्थिति वापस नहीं लौट सकती है, लेकिन हमें उम्मीद थी कि हम 'कुछ हद तक सामान्य स्थिति' की ओर बढ़ रहे हैं।

फिर 24 फरवरी को रूस ने इन मान्यताओं में से कई को पलटते हुए एक संप्रभु देश यूक्रेन पर हमला कर दिया। इसने कई लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यूक्रेन के सामान्य लोगों ने अपना जीवन, आजीविका, घर और वह सब कुछ खो दिया, जिन्हें उन्होंने संजोया था और फिर भी वे लड़ रहे हैं और वीरतापूर्वक रूस का विरोध कर रहे हैं। युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीय छात्र भय और अनिश्चितता के दर्दनाक अनुभवों से गुजरे। अब वे अपने देश लौट आए हैं, लेकिन उनके सामने भविष्य को लेकर सवाल खड़े हैं।

यहां तक कि युद्ध क्षेत्र से हजारों मील दूर बैठे हम लोग भी वैश्विक आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और कई संकटों के कठिन परिणामों के चलते उससे प्रभावित हो रहे हैं। भारत में पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं और हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका मुश्किलों से गुजर रहा है। श्रीलंका के एक मित्र ने मुझे बताया, 'ऐसे कुलीन लोग भी हमारे दरवाजे पर कुछ खाने या दवा खरीदने में मदद की अपील कर रहे हैं, जिन्होंने जीवन में शायद कभी किसी से कुछ न मांगा हो। अपने कुछ अहंकारी पड़ोसियों के तंज कसने के बावजूद हमसे जो बन पड़ रहा है, हम मदद कर रहे हैं।

छोटे–मोटे अपराध अचानक बढ़ गए हैं और हम लुटने या चोरी होने के डर में जी रहे हैं।' हमारा यह पड़ोसी द्वीपीय देश, जहां मैंने काम और छुट्टी के दौरान काफी वक्त बिताया है, एक भयावह आर्थिक संकट से गुजर रहा है। और महामारी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। यूरोप के कुछ हिस्सों में कोविड के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, जैसा कि पड़ोसी चीन और हांगकांग के कुछ हिस्सों में भी दिख रहा है। बढ़ते संक्रमण के कारण गंभीर प्रतिबंध लगे हैं और आंशिक लॉकडाउन ने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित किया है।

हालांकि भारत में संभवतः एक और लहर का फिलहाल कोई जोखिम नहीं है। लेकिन दूसरे देशों में बढ़ते मामलों को देखते हुए इस गंभीर बीमारी को रोकने के लिए पूर्ण टीकाकरण पर ध्यान केंद्रित करना होगा और उभरते हुए वैरिएंट को ध्यान में रखते हुए बेहतर उपाय करने होंगे। सौभाग्य से, हम 2020 में महामारी की शुरुआत की तुलना में कहीं अधिक बेहतर ढंग से तैयार हैं, जिसकी बदौलत आबादी के एक बड़े हिस्से को पूरी तरह से टीका लगाया जा रहा है। अभूतपूर्व अनिश्चितताओं को देखते हुए हैरानी की बात नहीं है कि 'आत्मनिर्भर भारत' या आत्मनिर्भरता का विमर्श बेहद प्रासंगिक हो गया है।

मोदी सरकार ने 2014 में मेक इन इंडिया और 2020 में आत्मनिर्भर भारत सहित कई पहल शुरू की है। लेकिन तथ्य यह है कि भारत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भर होने से बहुत दूर है। कई देशों की तरह भारत भी वैश्विक शृंखला में व्यवधान से प्रभावित हुआ है और ऐसा सिर्फ सैन्य हथियारों के लिए रूस पर हमारी निर्भरता के कारण नहीं है। भारत का दवा उद्योग चीनी एपीआई (सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री) या बल्क ड्रग्स पर बहुत अधिक निर्भर है– एक दवा में सक्रिय घटक, जो किसी स्थिति के इलाज के लिए शरीर पर आवश्यक प्रभाव पैदा करते हैं।

हालांकि भारत घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है और वास्तव में, भारत ने वर्ष 2015 को एपीआई वर्ष घोषित भी किया था, लेकिन हम अब भी आत्मनिर्भर नहीं हो पाए हैं। हम इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो पार्ट्स और चिकित्सा उपकरणों के लिए भी चीन पर निर्भर हैं। यह सच्चाई है। जाहिर है, आत्मनिर्भरता एक अच्छा विकल्प है, लेकिन हर चीज में आत्मनिर्भरता बहुत महंगी पड़ सकती है और दुनिया से खुद को काट लेना कोई विकल्प नहीं है। यह हमें वैसी आत्मनिर्भरता के कठिन सवाल पर लाता है, जिसकी हमें आवश्यकता है।

मेरे विचार में, भारतीय संदर्भ में आत्मनिर्भरता का अर्थ अनिश्चितताओं से उबरने से है, जिसमें भावी झटके, वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में बड़े पैमाने पर व्यवधान और उसका सबसे कमजोर लोगों पर संचयी प्रभाव जैसे कारक शामिल हैं। जमीनी स्तर पर, इसका मतलब भारत के सबसे गरीब और सबसे हाशिये पर रहने वाले लोगों की बुनियादी जरूरतों के लिए प्रावधान करना है, जो आमतौर पर गहन अनिश्चितता के दौरान संकट में फंस जाते हैं।

27 मार्च, 2020 को घोषित भारत के कोविड–19 सामाजिक सहायता पैकेज (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना या पीएम–जीकेवाई) को कमजोर आबादी को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए तैयार किया गया था। पीएम–जीकेवाई ने कम आय वाले परिवारों को मौजूदा योजनाओं के माध्यम से नकद हस्तांतरण और अन्य सहायता (खाद्य राशन, रसोई गैस) प्रदान की। अप्रैल 2021 में, संक्रमण की दूसरी लहर के जवाब में केंद्र सरकार ने घोषणा की कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा, जो 2020 में प्रदान किए गए अतिरिक्त खाद्य राशन के समान है।

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को छह महीने और बढ़ाने का फैसला किया है। विस्तारित पीएम–जीकेवाई के तहत प्रत्येक लाभार्थी को उसके सामान्य खाद्यान्न के अलावा प्रति व्यक्ति प्रति माह अतिरिक्त पांच किलो मुफ्त राशन मिलेगा। लेकिन केवल मुफ्त खाद्यान्न बांटना ही पर्याप्त नहीं होगा। कमजोर लोगों को जीवित रहने एवं उनकी जीविका में मदद करने के लिए और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। सरकार द्वारा घोषित सभी प्रोत्साहन पैकेजों के बावजूद एक क्षेत्र लगातार संघर्ष कर रहा है, वह है सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र। यह क्षेत्र लाखों भारतीयों को जीविका प्रदान करता है। सरकार ने एमएसएमई पर अपनी मसौदा नीति पर फीडबैक मांगा है। उम्मीद है कि शीघ्र ही इन सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# थाना बण्डा पुलिस ने करोड़ो रूपये की चरस के साथ 04 तस्करो को किया गिरफ्तार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थो की रोकथाम व मादक पदार्थ तस्करो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के चलते क्षेत्राधिकारी पुवायां बी0 एस0 वीर कुमार के निर्देशन मे थाना बण्डा पुलिस ने नेपाल से चरस लाकर बेचने वालों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई । सोमवार की रात थाना प्रभारी बण्डा मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक पवन सिंह एवँ सन्तोष कुमार सिंह के अलावा आरक्षी अरविन्द कुमार , पुष्पेन्द्र कुमार , प्रेम पाल सिंह , विनोद कुमार , विशाल कुमार , प्रवीन भाटी , लक्ष्मण राघव ने मुखबिर की सूचना पर घेराबन्दी करते हुए आधी रात के समय क्षेत्र में पड़ने वाले ददूरी तिराहे से जनपद पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र के गाँव शेरपुर कलां निवासी आरिफ नूर उर्फ हरी मिर्च एवँ गाँव दूधिया खुर्द निवासी फूलचंद्र तथा गाँव टंडोला निवासी शाबान अली के अलावा थाना बंडा क्षेत्र के गाँव नरेन्द्रापुर निवासी निरंजनलाल को दो बाइकों पर आते समय रोककर चरस सहित गिरफ्तार किया गया । जिनके कब्जे से क्रमशः आरिफ नूर उर्फ हरी मिर्च के कब्जे से 01 किलो 845 ग्राम चरस , निरजंनलाल के कब्जे से 01 किलो 425 ग्राम चरस , शाबान अली उर्फ मिथुन के कब्जे से




825 ग्राम चरस तथा फूलचन्द्र के कब्जे से 01 किलो 55 ग्राम चरस बरामद हुई । भारी मात्रा में बरामद हुई चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 करोड 30 लाख रूपये बताई जाती है। इसके अलावा दो बाइकें भी बरामद हुई हैं । बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेजा गया है ।अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग नेपाल से चरस लाकर अलग–अलग जनपदो जैसे पीलीभीत, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूँ आदि जगहो पर तस्करी करते थे । आज हम लोग शाहजहाँपुर मे बेचने के लिये आये थे कि आप लोग द्वारा पकड लिये गये।

# बाल मजदूरी बच्चों के सर्वांगीण विकास में एक बाधा हैः मोहित भैया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : महिला एंव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एंव विनोबा सेवा आश्रम के सहयोग से संचालित चाइल्ड लाइन 1098 द्वारा समन्वय बैठक का आयोजनआश्रम में ईशावश्योपनिषद सभागार में किया। उक्त अवसर पर माननीय श्री मानवेन्द्र सिंह विधायक, श्याम बहादुर सिंह मुख्य विकास अधिकारी ने स्वस्थ एवं शिक्षित बच्चे सशक्त राष्ट्र का संदेश देते हुए हरी झण्डी दिखाकर बाल मजदूरी के खिलाफ जन जागरूकता अभियान रथ को थानों के लिए रबाना किया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य रामऔतार त्रिपाठी ने कहा बाल मजदूरी हेतु संचालित जन जागरूकता रथ चाइल्ड लाइन अनूठी पहल है। बाल श्रम छोटे बच्चों को उनके मासूम, यादगार व बचपन के पलों से महरुम कर देता है। यह उनकी स्कूली शिक्षा को जारी रखने में बाधा उत्पन्न करता है क्योंकि यह उन्हें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और नैतिक रुप से परेशान करता है। यह बच्चों के साथ–साथ देश के लिए भी बहुत ही खतरनाक और हानिकारक बीमारी है। बैठक में विधायक मानवेन्द्र सिंह ने कहा बाल मजदूरी के खिलाफ जन जागरूकता अभियान रथ से जनपद के लोग जागरूक होंगे। बाल मजदूरी रोकने में चाइल्ड लाइन को सफलता मिलेगी। बच्चें देश के भविष्य होते है। कौन बच्चा क्या संस्कार लेकर आया है यह कोई नहीं बता सकता है। बच्चों की सुरक्षा देनी हमसब की जिम्मेवारी है। इस चाइल्ड लाइन के जागरूकता रथ को सफलता मिलेगी ऐसी हमारी शुभकानांए हैं। चाइल्ड लाइन के जिला समन्वयक विनय शर्मा ने बताया कि जब किसी बच्चे को शोषित होते हुए देखें, तो उसकी 1098 पर फोन व्यक्तिगत मदद करें। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कहें कि यदि वे बच्चों का शोषण बन्द नहीं करते हैं तो कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी और आपसे कुछ भी नहीं खरीदेंगे। आपके किसी रिश्तेदारों या परिजनों के यहां बाल–श्रमिक है, तो आप सहजता पूर्वक चाय–पानी ग्रहण करने से मना करें और इसका सामाजिक बहिष्कार करें। बैठक में चाइल्ड लाइन के निदेशक मोहित कुमार ने कहा बाल मजदूरी बच्चों के सर्वांगीण विकास में बहुत बड़ी बाधा है। इसे हम सब को मिलकर कर रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए चाइल्ड लाइन सजग है। अपने विभाग में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके बाल–श्रम की समस्या के बारे में सूचित करें और उन्हें प्रोत्साहित करें कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। बाल श्रम में अधिकतर बच्चे मैदानी कार्यों जैसे–कृषि, कारखानें, सामूहिक घरेलू कार्य, खनन, उत्पादन और अन्य कार्यों में लगे हुए




हैं। उनमें से कुछ रात की शिफ्ट (पाली) में या समय से अधिक काम (ओवर–टाइम) की आवश्यकता और घर की वित्तीय हालत को सुधारने के लिए अधिक आय प्राप्ति करने के लिए करते हैं। उनके काम करने की सामान्य दिनचर्या 12 घंटे लम्बी होती है जिसके लिए उन्हें बहुत कम राशि वेतन के रुप में मिलती है। बाल श्रम के लिए बहुत कम पारिवारिक आय, गरीब बच्चों के लिए उचित सुविधाओं के साथ स्कूलों की अपर्याप्त संख्या, और गरीब माता–पिता की अशिक्षा सबसे महत्वपूर्ण व प्राथमिक कारक हैं। यह मुद्दा वायरस की तरह फैल रहा है। इस समस्या के बारे में जागरुक होना चाहिये और इस मुद्दे को समाज से हटाने के लिए कुछ सकारात्मक कदमों को उठाना चाहिये। देश के युवा होने के नाते, हमें देश के विकास और वृद्धि के लिए अधिक जिम्मेदार होना चाहिये, इसलिए इस बाल मजदूरी को बढ़ने में अपनी दखल देकर रोकें और सकारात्मक रुप से कार्य करें। बैठक में बैंक मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा दीपक चन्द्र ने कहा कि चाइल्ड लाइन बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए जनपद में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। जनपद की सभी बैंक एंव एटीएम में चाइल्ड लाइन का नम्बर 1098 लिखाया जायेगा। जिससे 1098 चाइल्ड लाइन के बारे में लोग अधिक जागरूक होंगें। बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सचिन गुप्ता ने बताया कि बाल मजदूरी बच्चे का भविष्य खराब करती है। यह जन जागरूकता रथ कामयाब होगा। और बच्चे इस समय ठंडा एंव गर्म एक साथ न लें जैसे धूप में रहने के बाद ठंडा पानी न पिये। फुल आस्तीन के कपड़े पहने। बाल मजदूरी के खिलाफ जन जागरूकता अभियान रथ पर मानवेन्द्र सिंह विधायक ददरौल एंव श्री श्याम बहादुर सिंह मुख्य विकास अधिकारी ने हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की साथ ही सीडब्लूसी सदस्य, एलडीएम बीओबी, मुख्य चिकित्साधिकारी एंव उपस्थित सभी ने हस्ताक्षर कर बाल मजदूरी कुप्रथा को रोकने में सहयोग करने का संकल्प लिया। बाल मजदूरी को कुछ लोग बढ़ावा दे रहे हैं. जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे, तब तक यह कुप्रथा समाज से दूर नहीं हो पाएगा. इसलिए चाइल्ड लाइन द्वारा यह जागरुकता रथ जनपद के समस्त थाना में जाकर एंव गांव–गांव घूमकर लोगों को जागरूक करेंगे. जिससे बाल मजदूरी समेत बाल कुप्रथा को समाज से दूर करने में सहायता मिलेगी। और बाल मजदूरी से होने वाले समाज में दुष्परिणामों से लोगों को अवगत करा कर इसे समाप्त करने के लिए जागरूक करेंगे. बाल मजदूरी जैसे सामाजिक कुप्रथा से अभी भी यह समाज जूझ रहा है. एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी को बाल मजदूरी के खिलाफ आवाज को उठाना है. उस को जड़ से मिटाने के लिए हमें आगे आना है. इसी मुहिम के तहत चाइल्ड लाइन द्वारा यह रथ को रवाना किया गया. जागरुकता रथ में लगे छोटे–छोटे चलचित्र के माध्यम से जागरुकता लाइजाएगी। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य, मुनीश परिहार, अरविन्द मिश्रा, संध्या सक्सेना, मनरेगा के संजय सिंह, वन स्टॉप सेन्टर की नमिता सिंह, एएचटीयू के आरक्षी सौरभ, दिवाकर रौजा थाना से उपनिरीक्षक पंकज चौधरी, एम्लीफाई से कमला सिंह, चाइल्ड लाइन के काउन्सलर अखलाक खान, अजय शुक्ला, अनिल सिंह, आशा सक्सेना, बिन्द्रा बाबू, मंजुल भाई, रीना बहन परिवार परामर्श केंद्र की अल्पना रायजादा और कृष्णपाल सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# लोकायुक्त ने निदेशक बेसिक शिक्षा से मांगा जवाब : एडी बेसिक शिक्षा का किया जवाब तलब

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जीवन की प्राथमिक बुनियाद की दहलीज को बरकरार रखने वाले शिक्षा के मंदिर के धरोहर ने ही अपने महारथियों के कारनामे की पोल खोल कर रख दी है , मामला कोई मामूली नहीं बल्कि एक पदीय दायित्वों के निर्वहन में अनियमितता से जुड़ा बताया जा रहा है । जिसको लेकर प्राथमिक बुनियाद के शिल्पकार कहे जाने वाले शिक्षाविद या कहे तो अध्यापक जोकि प्राथमिक विद्यालय गानापुर में तैनात सहायक अध्यापक अरविंद कुमार मौर्य ने अपने ही विभाग के अवैधानिक कृत्यों की कलई खोल कर रख दी है , जिसके बाद महकमे में हड़कंप मचा गया है । लेकिन उच्चाधिकारियों के खेमे ने लाम्बंदी करते हुए कार्यवाही को ठंडे बस्ते में करने की नवैय्यत रच दी । जिसके बाद मामला न्यायालय की चौखट पर होते हुए सरकार की लोकायुक्त जांच एजेंसी में शामिल हो गयी , जिसके बाद दोषियों के खिलाफ मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं और एडी बेसिक शिक्षा अयोध्या मंडल रामसागर पति त्रिपाठी ने भी दबी जुबान एबीएसए दोस्तपुर जगदीश यादव के कारनामे पर सवालिया निशान भी उठाते हुए कहा है कि जांच प्रक्रिया को भी परिवर्तित किया गया क्योंकि जांच अधिकारी कहीं ना कहीं आरोपित एबीएसए जगदीश यादव के दबाव में नजर आते रहे हैं । और मामला जब मीडिया की सुर्खियों में आया तो महकमे में हड़कंप मच गया , जिसके बाद आनन–फानन में जांच टीम को एडी बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी ने भंग करते हुए नई जांच कमेटी का ऐलान कर दिया क्योंकि मामला एबीएसए से जुड़ा था और जांच अधिकारी भी खंड शिक्षा अधिकारी ही बताए जा रहे थे । जिस पर सवालिया निशान उठना लाजमी था जिसको लेकर एडी बेसिक शिक्षा अयोध्या परिक्षेत्र ने संज्ञान में लिया और स्वीकारोक्ति करते हुए कहा कि समकक्ष अधिकारी द्वारा जांच प्रक्रिया को अवैधानिक माना जाएगा । चूंकि उक्त प्रकरण की जांच स्वयं बीएसए दीवान सिंह यादव द्वारा किया जाना था , लेकिन किन परिस्थितियों के चलते उक्त जांच प्रक्रिया में एबीएसए को शामिल नहीं किया गया यह भी एक जांच का विषय है । उक्त प्रकरण की जांच बीएसए द्वारा ही की जाएगी । जिसके बाद तमाम अनियमितताओं को देखते हुए लोकायुक्त शासन सख्त रूप अख्तियार करते हुए बेसिक शिक्षा निदेशक को एक पत्र जारी किया और सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक अयोध्या मंडल से जवाब तलब कर लिया , जिसको देखते हुए सुल्तानपुर बेसिक शिक्षा महकमे में हड़कंप मच गया है । बताते चलें की जांच प्रक्रिया व न्यायालय की कवायद में फंसता देख एबीएसए जगदीश यादव ने स्थानांतरण सूची में अपने नाम को भी स्थान दिलाने की कवायद तो रचित लेकिन विभागीय सूत्रों की मानें तो सामान्य निर्वाचन विधानसभा 2022 तक उनको नहीं रिलीव किया गया । जब लोकायुक्त शासन ने सिकंजा कसना शुरू किया तो एबीएसए जगदीश यादव को जनपद से रिलीव कर दिया गया । लेकिन फिलहाल लोकायुक्त शासन द्वारा जारी जांच में अभी फिलहाल उनको मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है । क्योंकि मामला सजातीय होने के चलते जांचकर्ता समेत आरोपित व बेसिक शिक्षा के जिला महकमें के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीवान सिंह यादव सजातीय चक्रव्यूह की संरचना मैं क्लीन चिट देने की कवायद में जुटे थे । लेकिन मामला जब साक्षीय अभिलेखों पर आता देखा तो मामले से दूरियां बरकरार करते हुए नजर आए , लेकिन एबीएसए जगदीश यादव की कारस्तानी इस कदर अधिकारियों के हौसले पर पड़ी की शिकायती सहायक अध्यापक अरविंद कुमार मौर्य पर अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा दबाव बनाने की कोशिश करते हुए मामले को रफा–दफा करने की नियत से धमकी दी जाने लगी और अज्ञात लोगों द्वारा गाड़े बंदी किया जाने लगा , जिसकी शिकायत पुलिस महकमें के उच्चाधिकारियों से भी किया गया । मामला शिक्षा अधिकारियों के हाथ से निकलकर पुलिस की चौखट तक जा पहुंचा और जब मामला निस्तारित नहीं होता दिखा तो सहायक अध्यापक अरविंद कुमार मौर्या ने न्यायालय की शरण ली और सहायक अध्यापक के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडे ने सक्षम न्यायालय के समक्ष मामले को रखते हुए न्याय की गुहार लगाई । जिसमें अप्रैल माह में सुनवाई नियत है । दूसरी तरफ लोकायुक्त शासन उत्तर प्रदेश द्वारा एबीएसए जगदीश यादव समेत सुल्तानपुर जनपद के तमाम शिक्षा अधिकारी जांच की जद में आते नजर आ रहे हैं । कल दिनांक 30 मार्च 2022 को एडी बेसिक अयोध्या परिक्षेत्र ने तत्कालीन एबीएसए रहे जगदीश यादव को जवाब तलब करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जवाब तलब किया है , और सहायक अध्यापक अरविंद कुमार मौर्य को आरोपित के खिलाफ साक्ष्यों को प्रस्तुत करने के लिए अपने कार्यालय में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर साक्ष्यों को उपलब्ध कराने की नोटिस शामिल कराई है । यह तो भविष्य के गर्भ में है कि पदीय दायित्वों के हरण मामले में आरोपी तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी रहे जगदीश यादव कल एडी बेसिक के कार्यालय में अपनी क्या दलील प्रस्तुत करेंगे या फिर मामले से दो–दो हाथ पीछे नजर आते दिखेगें या फिर सहायक अध्यापक अपने पक्ष में कल क्या साक्ष्यों की फेहरिस्त पेश कर शिक्षा महकमे की कलाई खोलते नजर आएंगे।

# पाली क्षेत्र में ऑपरेशन शिकंजा के तहत दो अभियुक्त गिरफ्तार

हरदोई संवाददाता जनार्दन श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर आपराधिक तत्वों के खिलाफ पाली थाना पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। और इसी क्रम में थाना पाली पुलिस ने मारपीट के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया ।जिनके खिलाफ अभियोग दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है ।आपको बता दें कि पाली थाना पुलिस लॉ एंड आर्डर को दुरुस्त बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर थाना पाली पुलिस आपरेशन शिकंजा के तहत अभियान चलाकर आपराधिक तत्वों पर कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में पाली पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ मारपीट का आरोप है। थाना पाली पुलिस ने गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अभियोग दर्ज करते



हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार आपराधिक तत्वों पर कार्यवाही करती रहेगी।

# एसडीएम स्वाति शुक्ला ने संचारी रोग नियंत्रण के तहत अधिकारियों के साथ की बैठक

हरदोई संवाददाता जनार्दन श्रीवास्तव : तहसील सवायजपुर की उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर तहसील सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शत प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिये संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने कहा कि दो अप्रैल से 30 अप्रैल तक अभियान के तहत चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में स्वास्थ्य,शिक्षा और नगर पंचायत एवं पंचायती राज विभाग की अहम भूमिका रहेगी। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित तिथि में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों एवं आयोजनों की फोटोग्राफ सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उपजिलाधिकारी ने कहा कि गांव एवं नगर पंचायत में नालियों, गलियों एवं सड़कों की व्यापक स्तर पर साफ सफाई करवाई जाये। साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए फागिंग भी प्राथमिकता से कराई जाये।



संचारी रोगों को लेकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करें। उपजिलाधिकारी महोदया ने कहा कि समय– समय पर वे स्वयं लगातार निरीक्षण करके अभियान की धरातली स्थिति पर नजर रखेंगी। इस अवसर पर पाली पीएचसी के प्रभारी चिकिसाधिकारी डॉ आनन्द शुक्ला,भरखनी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी के साथ शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी एवं तहसील क्षेत्र के सभी सीएच सी व पीएचसी के प्रभारी के साथ –साथ हरपालपुर के खंड विकास अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए जिले से पांच खिलाड़ी रवाना

जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि प्रत्यान्शु तिवारी : कानपुर देहात के माती स्टेडियम में 1 से 3 अप्रैल को पांचवीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित है जिसमें जौनपुर के पांच खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे, जिसमें नयनसण्ड ग्राम से यश राय व सुमित राय गौराबादशाहपुर से सौरभ अग्रहरि, कबिरुद्दीनपुर से अनुराग यादव, पौना धर्मापुर से सुभम यादव प्रतिभाग करेंगे, इस आशय की जानकारी जौनपुर ताइक्वांडो संघ के सचिव व कोच संजय पाल ने बताया कि जिले में ताइक्वांडो का प्रचार प्रसार काफी तेजी से हो रहा है बच्चों, किशोरो एवं युवाओं का रुझान इन खेल के प्रति बढ़ रहा है। प्रतियोगिता में कोच के रूप में संजय पाल ने बताया कि जौनपुर ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने उपरोक्त खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## प्रधानमंत्री शहरी आवास का पैसा प्राप्त करने वाले लाभार्थी जल्द पूर्ण कराये अपने आवास का कार्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के अन्तर्गत जिन–जिन लाभार्थियों को उनके आवास की किश्तें प्राप्त हो चुकी है, वे तुरन्त अपने आवास का निर्माण कार्य मानक व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें। पैसा प्राप्त करने के बावजूद आवास का निर्माण कार्य पूरा न कराने वाले लाभार्थियों के विरूद्ध आर0सी0 जारी करवाते हुए धनराशि की रिकवरी कराई जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लाभार्थियों को उनके स्वीकृत आवास का जियोटैग होने के बाद अभी तक धनराशि नही मिल पाई है, उन्हें अप्रैल माह में उनके बैंक खाते में धनराशि प्राप्त हो जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जियोटैग के सापेक्ष अवशेष लाभार्थियों को उनके आवास की किस्ते उनके खाते में भिजवाने के लिए मेरे निर्देश पर परियोजना अधिकारी डूडा अनिल कुमार वर्मा द्वारा उनका डेटा तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैसा प्राप्त करने के उपरान्त लाभार्थी अपना अंशदान शामिल करते हुए तुरन्त अपने आवास का निर्माण कार्य शुरू कराकर उसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। प्राप्त धनराशि का दुरूपयोग बिल्कुल नही होना चाहिए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लाभार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि उन्हें दलालों एवं बिचौलियों से सावधान रहने की सख्त जरूरत है। पैसे के लिए किसी के पीछे भागने अथवा किसी को आवास के नाम पर एक पैसे देने की आवश्यकता नही है, क्योंकि यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है। इसके बावजूद यदि लाभार्थी किसी को पैसा देता है, तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आवास के नाम पर दलाली करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत बैंक से 20 हजार का ऋण प्राप्त करें स्ट्रीट वेण्डर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परियोजना अधिकारी डूडा अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि लॉकडाउन से प्रभावित सभी शहरी पथ विक्रेताओं को अपना रोजगार पुनः स्थापित करने अथवा किये जा रहे रोजगार को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाने हेतु भारत सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना जनपद जौनपुर में संचालित है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत जिन स्ट्रीट वेण्डरों को पूर्व में दस हजार रूपये का कैपिटल ऋण बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया गया था उनमें से अपने प्रथम ऋण रू0 10 हजार की अदायगी करने वाले स्ट्रीट वेण्डर चाहें तो सम्बन्धित बैंक से अपना नो ड्यूज प्राप्त कर पुनः रू0 20 हजार का द्वितीय ऋण इसी योजना के अन्तर्गत प्राप्त करने हेतु अपने–अपने नगर पालिका परिषद अथवा नगर पंचायत कार्यालय पर पहुँचकर अपना आनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें ताकि उनके आवेदन का डेटा सम्बन्धित बैंकों को आपका ऋण स्वीकृत कर उसे आपको उपलब्ध कराने हेतु भेजा जा सके। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय जौनुपर के स्तर से सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को लक्ष्य आवंटन का पत्र प्रेषित किया जा चुका हैं।

## थाना सुरेरी पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास करने वाला वांछित अभियुक्त सोनू सरोज गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर,श्री अजय साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन मे एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्वेक्षण मे थाना सुरेरी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 15/2022 धारा 307/427 भा.द.वि. मे नामित/वांछित अभियुक्त 1. सोनू सरोज पुत्र छेदी लाल सरोज निवासी ग्राम टिकरी खुर्द थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष को घटना मे प्रयुक्त मय एक मैजिक वाहन नं0 न्65 थ्ज् 7909 के साथ कारण गिरफ्तारी बताकर दिनांक 29.03.2022 को समय 03.10 बजे पुलिस हिरासत मे लिया गया अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. सोनू सरोज पुत्र छेदी लाल सरोज निवासी ग्राम टिकरी खुर्द थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 15/2022 धारा 307/427 भा.द.वि थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। बरामदगी का



विवरण– 1. एक मैजिक वाहन नं0 UP65 FT 7909 गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1. थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 अटल बिहारी मिश्र थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 प्रकाश तिवारी थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 4.का0 शेषमणी प्रसाद थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।

## चाइल्ड लाइन व एसएनसीयू के प्रयास से लावारिस बच्ची को मिला जीवन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर चाइल्ड लाइन और न्यूबार्न चाइल्ड केयर यूनिट (एसएनसीयू) के संयुक्त प्रयास से स्वस्थ होने के बाद लावारिस नवजात को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहां से उसे मऊ के गोहनाबाद मोहम्मदाबाद स्थित शिशु गृह में संरक्षित कर दिया गया। चाइल्ड लाइन के राजकुमार पांडे ने बताया कि 14 मार्च को गौराबादशाहपुर के घरसंड पुलिस चौकी के पास सड़क के किनारे झाड़ियों में कोई नवजात बच्ची को छोड़कर चला गया था। वहां की पुलिस की ओर से फोन आया और एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। इसके बाद राजकुमार और सुमन द्वारा मौके पर 102 एम्बुलेंस भेजी गयी और स्वयं एसएनसीयू पहुंच गए। इसके बाद उसे वहाँ भर्ती कराया गया। 27 मार्च को स्वस्थ घोषित होने पर उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से शिशु गृह में संरक्षित कर दिया गया। इस साल अभी तक चार लावारिस शिशुओं को एसएनसीयू भेजकर स्वस्थ हो जाने पर उन्हें बाल कल्याण समिति के माध्यम से शिशु गृह में संरक्षित कर दिया गया। एसएनसीयू की स्टाफ नर्स प्रतिभा पांडे बताती हैं कि बच्ची जब आई उस समय वह चार दिन की थी। बहुत शांत स्वभाव थी। उसे दूध पिला दिया जाता था और वह शांति के साथ सोती रहती थी। इसके अलावा उसे स्वस्थ करने के लिए जिसकी जो जिम्मेदारी थी, वह उसे निभाती रहीं। एसएनसीयू के नोडल अधिकारी डॉ संदीप सिंह ने बताया कि एसएनसीयू पर नवजात बच्चों को स्वस्थ बनाने की जिम्मेदारी है। यह बच्ची 14 मार्च को आई। बिना माता–पिता के बच्चों के प्रति एसएनसीयू के स्टाफ का स्वभाविक तौर पर ज्यादा लगाव हो जाता है। बच्ची के स्वस्थ हो जाने पर उसे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया। बच्ची की परवरिश में लगा स्टाफ आगे के



उसके स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए प्रार्थना करता है। इसके पहले भी कई नवजात स्वस्थ किए जा चुके हैं जिनके माता–पिता के बारे में कोई जानकारी नहीं है। एक बच्ची 20 जनवरी को जलालपुर में एक नहर के पास तथा दूसरा नवजात 29 जनवरी को खुटहन ब्लॉक के उंगली गांव में गंभीर हालत में मिले थे। 11 फरवरी को डोभी ब्लॉक के रामदत्तपुर में चाइल्ड लाइन को एक बच्ची मिली थी। इन सभी को स्वस्थ कर चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया। साल 2017 में एसएनसीयू खुलने से लेकर अभी तक लगभग 35 नवजात आए जिनके माता–पिता का पता नहीं था। इस समय हर वर्ष 12 से 15 बच्चे ऐसे नवजात आ जाते हैं। यहां आने पर उनके इलाज से लेकर कपड़ा और दूध सभी का खर्च एसएनसीयू ही उठाता है। एक नवजात की परवरिस में प्रतिदिन औसतन 150 से 200 रुपये तक का खर्च आता है। स्वस्थ हो जाने पर बाल संरक्षण गृह से सम्पर्क कर इन्हें बाल संरक्षण अधिकारी को सौंप दिया जाता है। जहां से वह बाल संरक्षण गृह बलिया आदि अन्य जगहों पर अच्छे स्वास्थ्य एवं जीवन प्रबंधन के लिए भेज दिए जाते हैं।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में ब्लाक प्रमुख निष्कासित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने मछली शहर के ब्लाक प्रमुख गोपेश यादव को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में 6 साल के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है । सपा के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान ब्लाक प्रमुख गोपेश यादव को पार्टी विरोधी कार्यों में संलिप्त होने की जानकारियां मिल रही थी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर उनको पार्टी ने 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। ब्लाक प्रमुख गोपेश यादव से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन लगातार स्विच ऑफ था। चर्चा है कि विधान परिषद चुनाव में उनकी भूमिका को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक शिकायत हुई ।दो दिन पहले उनका एक वीडियो और फोटो भी वायरल हुआ था जिसमें वह भाजपा के खेमे की मीटिंग में शामिल हुए थे ।इसकी पुष्टि होने के बाद उनको उनको छः वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है।

## ट्रक की टक्कर से आटो चालक की मौत : दो घायल

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : चौरीचौरा क्षेत्र के सोनबरसा बाजार मे बेलवा खुर्द गांव के पास फोरलेन पर मंगलवार को अपराह्न 3.30 बजे कसया की तरफ जा रहे आटो मे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमे आटो के परखच्चे उड़ गए। मृतक की पहचान आटो चालक माजीद (35)



पुत्र असरफ की पहचान शहर के तिवारीपुर क्षेत्र के इलाहीबाग निवासी के रूप में हुई। आटो सवार घायलों की पहचान कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के रधिया देवरिया निवासी सुकई (35) पुत्र भुटन व इम्तियाज (40) पुत्र जुम्मनसुफी की पहचान सीतापुर के बिसवा लहरपुर के रुप मे हुई है। घायलों का इलाज चल रहा है और स्थिति गंभीर बताई गई है।

## विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ0प्र0 के आवाह्न पर 2 दिन का किया गया राष्ट्रव्यापी हड़ताल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ0प्र0 के आवाह्न पर 2 दिन के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के सर्मथन में दिनांक 28–29.03.2022 को कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया था उसी क्रम में आज दिनांक 29.03.2022 को समय 03:00 बजे से 05:00 बजे तक जोरदार विरोध प्रर्दशन किया गया समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पूरे दिन कार्य बहिष्कार किया। मुख्य मांगेः– 1. निजीकरण हेतु जारी किए गए इलेक्ट्रीसिटीयअमेंडमेंटद्ध बिल 2021 और स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉक्युमेंट के मसौदे को वापस लिया जाए। 2. निजीकरण की समस्त प्रक्रिया निरस्त की जाए और ग्रेटर नोएडा का निजीकरण व आगरा का फ्रेन्चाइजी करार रद्द किया जाए। 3. केरल के केएसईबी लिमिटेड की तरह उप्र में भी सभी ऊर्जा निगमों का एकीकरण कर यूपीएसईबी लिमिटेड का गठन किया जाए। 4. सभी बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली लागू की जाए। 5. तेलंगाना की तरह ऊर्जा निगमों में कार्यरत सभी संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए और नियमित पदों पर नियमित भर्ती की जाए। 6. शांतिपूर्ण आन्दोलन के कारण प्राविधिक कर्मचारी संघ के सदस्यों की वेतन कटौती और अन्य दमनात्मक कदम वापस लिये जायें। 7. सभी संवर्गों की वेतन विसंगतियों का निराकरण किया जाए और पूर्व की भाँति सभी संवर्गों को तीन पदोन्नति पद के समयबद्ध वेतनमान दिए




जाएं। उपरोक्त विरोध प्रर्दशन की अध्यक्षता ई0 हरिश चन्द्र प्रजापति और संचालन श्री निखिलेश सिंह के द्वारा किया गया। कार्य बहिस्कार/विरोध सभा को ई0 राम अधार, ई0 नजम अहमद, श्री संजय यादव, श्री हरिकेश यादव, श्री अरविन्द मिश्रा, श्री प्रमोद कुमार मौर्या आदि ने सम्बोधित किया तथा धरना प्रर्दशन में ई0 ए0के0 सिंह, ई0 मनोज कुमार, ई0 गोपाल सिंह, ई0 मनीजर प्रसाद, ई0 इमामुद्दीन, ई0 सियाराम, जू0ई0 आतिश यादव, श्री निर्भिक भारती, श्री विपिन गुप्ता, श्री अरविन्द सोनकर, श्री प्रभात पान्डेय, श्री रंगीले, श्री अश्वनी कुमार, श्री राजेश यादव, श्री संतोष श्रीवास्तव, श्री अमित खरे, श्री मोहन पाण्डेय, श्री कृष्णा, श्री विजय चौहान, श्री विजय प्रकाश, श्री पंकज गिरी, श्री तिलकधारी इत्यादि लोग मौजूद रहे। पूर्वांचल अध्यक्ष श्री निखिलेश सिंह द्वारा अपने संबोधन में चेतावनी दी गयी कि अगर कारपोरेशन द्वारा उक्त मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आगे वृहद स्तर पर विरोध प्रदर्शन/कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

## थाना कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को चोरी की मोटर साईकिल व तीन किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर अटाला तिराहा के पास से अभियुक्त विजय बहादुर पटवा को 03 किलो गांजा व चोरी की मोटर साईकिल के साथ दिनांक 29.03.22 को रात्रि में गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 91/22 धारा 420/467/468/471/411/413 भादवि0 व मु0अ0सं0 92/22 धारा 8/22 छक्टै ।बज बनाम– विजय बहादुर पटवा पुत्र प्रभुदत्त पटवा नि0 अजमेरी (हमाम दरवाजा) थाना कोतवाली जौनपुर पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. विजय बहादुर पटवा पुत्र प्रभुदत्त पटवा नि0 अजमेरी (हमाम दरवाजा) थाना कोतवाली जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. 03 किलो गांजा 2. एक मोटर साईकिल आपाची आपराधिक इतिहास–1. मु0अ0स0 91/22 धारा 420/467/468/471/411/413 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर 2. मु0अ0सं0 92/22 धारा 8/22 NDPS Act थाना कोतवाली जौनपुर 2.



मु0अ0सं0 168/21 धारा 379 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर 3. मु0अ0सं0 170/21 धारा 411/413/414 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–1. उ0नि0 चन्दन राय चौकी प्रभारी राज कालेज थाना कोतवाली जौनपुर। 2. का0 राज नरायण थाना कोतवाली जौनपुर। 3. का0 दीलिप कुमार थाना कोतवाली जौनपुर।4. का0 शिवेन्द्र यादव थाना कोतवाली जौनपुर।

## पर्यावरण स्वच्छ बनाने में सहयोगी बनें छात्र – छात्राएं : बीएसए

आर एल पाण्डेय गोण्डा। मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का स्वच्छ होना बहुत जरूरी है। वृक्ष और हरी भरी वनस्पतियां मन को खुशी देती हैं। हमारे शास्त्रों में वृक्ष की महत्ता पर कहा गया है कि एक वृक्ष सौ पुत्रों से बढ़कर होते हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने यह विचार शिक्षा क्षेत्र झंझरी के कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर नवीन में शैक्षिक प्रतियोगिता विद्यालय के छात्र – छात्राओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त






किए। श्री सिंह ने बच्चों का आह्वान किया कि वे अपने घर और विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लें और परिसर में पेड़ व फूल लगाकर वातावरण को हरा भरा बनाएं। विद्यालय की शिक्षिका व साहित्यकार डा. उमा सिंह के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र – छात्राओं ने दैनिक उपयोग पर आधारित माडल,चित्रकला , निबन्ध, प्रतियोगिता व गीत – कविता की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीएसए ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ आयोजन में सहभागी शिक्षिकाओं के रचनात्मक प्रयास की सराहना की। पुरस्कृत छात्राओं में मंजरी सिंह को पवन चक्की व चित्रकला व निबन्ध प्रतियोगिता में शगुन, शिखा, स्वाती, निधि, महक व आदित्य को और सांस्कृतिक गीत कविता के लिए सरिता काजल, रुखसाना व वैष्णवी शामिल रहीं। कार्यक्रम में शिक्षिका डा. उमा सिंह, सन्ध्या श्रीवास्तव, राखी तिवारी व आस्था मिश्रा ने सहभाग किया।

## ओटीपी ई–केवाईसी स्थगित : अब बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से ही होगा ई–केवाईसी

जौनपुर/शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : किसानों के लिए राहत भरी खबर, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य Pmkisan सम्मान निधि योजना के वेबसाइट में सुधार की प्रक्रिया चल रही है, जल्द ही किसानों को मालब में हो रही समस्याओं से निदान मिलेगा। जौनपुर Csc जिला प्रबंधक प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर पता चला है कि OTP से पीएम किसान निधि योजना के वेबसाइट पर हो रहा था फर्जीवाड़ा , जो व्यक्ति बिदेश में नौकरी कर रहा है उनका और जिनकी मृत्यु हो गई है,उनका भी केवल मो0 न0 पर OTP भेज कर ekyc लोग मो0 से कर दे रहे थे। अब उन्ही लोगो का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण होगा जो लोग बेब केन्द्र पर जा कर अपना फिंगर लगायेंगे। उन्होंने ने बताया कि वेबसाइट पर काम चल रहा है जल्द ही सही हो जाएगा। और ekyc का अंतिम तिथि 22 मई 2022 तक हो गया है। Csc केन्द्र संचालको ने बताया कि किसान सम्मान योजना की वेबसाइट के कमियों को बताते हुए कहा कि केवल संचालक का समय और मेनहत बर्बाद किया जा रहा है, कभी ओटीपी व कभी फिंगरप्रिंट स्कैनर को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।और बताया कि जब सरकारी दफ्तरों में कोई कार्य को लेकर जाने पर अधिकारियों द्वारा बताया जाता कि बेब केन्द्र से ऑनलाइन हो रहा है,जबकि ऐसा न होकर सभी कार्य सार्वजनिक तौर पर ऑनलाइन हो जाता है,जिसके कारण दो चीजें गलत हो रही था एक तो CSC के साथ सौतेला व्यवहार। मतलब कि जब भी कोई




सरकारी रजिस्ट्रेशन शुरू किया जाता है तो नाम दिया जाता CSC से जा कर कराओ और आप्सन साधारण मोबाइल से हो जाता है। प्राइवेट आईडी पे जो लोग जैसे मर्जी वैसे मनमानी करते हैं और पैसा कमाते हैं और गलत भी करते है और बदनामी CSC वालों का होता है। आज सरकार ने पीएम किसान निधि योजना के वेबसाइट से OTP Ekyc हटा दिया गया है। अब लोग गलत रजिस्ट्रेशन नहीं कर पायेंगे इससे सुधार की सम्भावना प्रबल होगा और लोग मनमानी नहीं कर पायेंगे , दूसरा यह था कि CSC वालों पे लोग भरोसा नहीं कर रहे थे कि यह सब तो मो0 से भी हो जा रहा है आज सरकार ने जो फैसला किया है वह हम सब CSC वालों के हक में है हम लोगों को इसके लिये एक होकर जागरूक होना चाहिए कि इस प्रकार कि कोई भी सेवा हो जो जनता तक पहुंचाया जा सके उसका लिंक केवल CSC पर ही दें तब जा कर बेब संचालकों का कुछ महत्व होगा अन्यथा नहीं।

## मीडियाकर्मी के सवालों में उलझे साहब ने दी जेल भेजने की धमकी : आडियो हुआ वायरल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : अम्बेडकर नगर–जिले के बसखारी थाना क्षेत्र में राजेश्वर पांडे के नाम से संचालित आरा मशीन वरदान हॉस्पिटल के पीछे संचालित हो रही है। आरा मशीन पर नीम, शीशम, आम के अलावा प्रतिबंधित लकड़ियों की खुलेआम चिराई की जा रही है। इस विषय में अंबेडकर नगर डीएफओ से मीडिया कर्मी द्वारा बात की गई तो डीएफओ साहब ने बताया के हम छापा मारने आ रहे हैं आप वहीं पर रहिए और जब आधे घंटा बाद संपर्क किया गया तो रेंजर ऑफिसर और डीएफओ का मोबाइल नेटवर्क कवरेज एरिया के बाहर बताने लगा । आरा मशीन पर डंपर ट्राली पर बोटे को लदवा कर लकड़ियों को छुपा दिया गया । सवाल डीएफओ और रेंजर्स साहब का मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर होना सवालों के घेरे में खड़ा करता है । मीडिया कर्मी को रोकना एक बड़ा सवाल क्या मीडिया कर्मी को मरवाने का प्लान था। अगर डीएफओ साहब को छापा नहीं मारना था तो मीडिया कर्मियों को क्यों गुमराह किया गया। इन सवालों से यह साबित होता है की रेंजर और डीएफओ की मिलीभगत से यहां हो रहा है बड़ा खेल। साबित हो रहा है डीएफओ और रेंजर साहब की मिलीभगत से यह संचालित हो रहा है। आरा मशीन पर प्रतिदिन लगभग लाखों रुपए के प्रतिबंधित लकड़ियों की तस्करी की जाती है जिससे सरकारी राजस्व को भी चूना लग ही रहा है । प्रदेश सरकार के पर्यावरण बचाने की मुहिम भी ध ाराशाही हो रही है । प्रशासनिक अधिकारी की लापरवाही के चलते वन माफियाओं की लगातार कट रही है चांदी। यहां यह कहावत चरितार्थ हो रही है किः– जब रक्षक ही बन जाय भक्षक तो...

### जनपद में चतुर्थ शनिवार के अवकाश को कार्यदिवस घोषित : जनपद न्यायधीश मदनपाल सिंह

जौनपुर सू.वि. : जनपद न्यायधीश मदनपाल सिंह ने अवगत कराया है कि निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेण्ट एक्ट के अर्न्तगत 17, 18 मार्च 2022 को होली के अवकाश के साथ 19 मार्च 2022 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। इसके एवज में चतुर्थ शनिवार को अवकाश को कार्यदिवस घोषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। 19 मार्च 2022 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ जौनपुर का प्रस्ताव 29 मार्च 2022 को इस आशय से प्राप्त हुआ है कि 19 मार्च 2022 के एवज में 06 अक्टूबर 2022 को अवकाश घोषित किया जाय एवं माह जून 2022 में चतुर्थ शनिवार को समस्त न्यायालयों को कार्य दिवस के रुप में संचालित किया जाय। अतः दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के प्रस्ताव/सुझाव 29 मार्च 2022 को दृष्टिगत रखते हुए इस न्यायिक अधिष्ठान के साथ साथ ग्राम न्यायालयों में 19 मार्च 2022 को घोषित स्थानीय अवकाश के एवज में 06 अक्टूबर 2022 को स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तथा 25 जून 2022 को चतुर्थ शनिवार को कार्य दिवस के रूप में घोषित किया जाता है, उक्त तिथि को पीठासीन अधिकारीगण द्वारा न्यायिक/प्रशासनिक कार्य सम्पादित किया जायेगा।

# अयोध्या की बिटिया को न्याय दिलाने हेतु संगठनों ने भरी हुंकार : गठित हुई समिति

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के राम नगरी अयोध्या में सात वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर हिंदूवादी संगठनो सहित अनेक सामाजिक संगठन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओ ने बैठक कर न सिर्फ आक्रोश व्यक्त किया, बल्कि आर पार की लड़ाई लड़ने की घोषणा भी कर दी है, अयोध्या के नया घाट स्थित साकेत सदन में आहूत एक बैठक को संबोधित करते हुए कथावाचक पवन कुमार दास शास्त्री ने कहा कि'' अयोध्या की पवित्र पावन भूमि पर ऐसा जघन्य कांड बर्दाश्त से बाहर है अयोध्या की पावन भूमि पर ऐसी घटना आत्मा को भेदने वाली है'' शिवसेना प्रदेश उप प्रमुख संतोष दुबे ने कहा कि'' ऐसा अमानुषिक व हैवानियत से भरा कांड अयोध्या के माथे पर कलंक के समान है, वही हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि'' निश्चित रूप से घटना बेहद संवेदनशील वह खून को खौला देने वाली है, ऐसे में प्रशासन और सत्ता से जुड़े हुए कुछ लोगों के द्वारा जिस तरह उदासीनता बरती जा रही है, और पूरे प्रकरण पर जिस तरह से लीपापोती की जा रही है ,वह चिंतित कर देने वाला है। हिंदू योद्धा संगठन के प्रमुख महेश मिश्रा ने कहा कि अयोध्या की बिटिया को न्याय दिलाने हेतु हम किसी भी स्तर तक जा सकते हैं, लड़ाई आर–पार की होगी, 24 घंटे में प्रशासन असली अपराधियों को पकड़े, अन्यथा बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे, बैठक को सामाजिक कार्यकर्ता वेद राजपाल, सामाजिक कार्यकर्ता भारती सिंह, फारुक खान, जमीर राना, सहित अनेक लोगों द्वारा संबोधित किया गया, जिसमें13 सदस्य की कोर कमेटी गठित हुई।इस अवसर पर सर्वसम्मति से 11 सदस्य कोर कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रमुख रुप से, पवन दास शास्त्री जी महाराज, संतोष दुबे, मनीष पांडेय, महेश मिश्र ,भारती सिंह ,वेद राजपाल, फारुल खान ,सीताराम दास जी महाराज, प्रतिभा सिंह ,सौरव तिवारी, दिनेश दास, रामलाल जायसवाल ,तथा दिवाकराचार्य जी महाराज ,सम्मिलित है समिति के प्रवक्ता मनीष पांडे ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस अवसर पर प्रमुख लोगों को कुछ दायित्व भी सौंपे गए जिसमें प्रमुख रुप से प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी मनीष पांडेय, सोशल एवं व्हाट्सएप मीडिया ग्रुप प्रमुख श्याम जी पाठक, संत संपर्क प्रमुख कविराज दास तथा रितेश दास, महिला संपर्क प्रमुख भारती सिंह, जन संपर्क प्रमुख प्रत्यूष सनातन समिति गठित हुई।इस आंदोलन को सुचारू ढंग से चलाने के लिए सर्वसम्मति से ''अयोध्या की बिटिया स्वाभिमान संघर्ष समिति का गठन किया गया।इस बैठक की अध्यक्षता कथावाचक पवन कुमार दास शास्त्री जी महाराज तथा संचालन महेश मिश्रा द्वारा किया गया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से महंत पवन दास शास्त्री जी महाराज, संतोष दूबे, मनीष पांडेय, महेश मिश्रा, वेद राजपाल ,भारती सिंह, जमीर राणा, राम लाल जयसवाल, सौरभ मिश्र , प्रतिभा सिंह, कविराज दास, रितेश दास, दिनेश कुमार दास, कृष्ण कुमार सेन, श्याम जी पाठक, फारुख खान, उत्कर्ष सिंह, अनिल, प्रत्यूष सनातन, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# रेप पीड़िता बच्ची के ताऊ की रहस्यमय हालत में मौत : पीड़िता के परिजनों ने लगाया यह बड़ा आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को धर्मनगरी अयोध्या में रेप की शिकार हुई मासूम बच्ची के ताऊ की मंगलवार को रहस्यमय हालत में मौत से हड़कंप मच गया। रेप की शर्मनाक वारदात के 13 दिन बाद परिवार पर टूटे दुखों के इस दूसरे पहाड़ से परिवार कोहराम मच गया है। मृतक के छोटे भाई और रेप पीड़िता के पिता और मां ने गंभीर आरोप लगाया है।इस संबंध में दोनों का कहना है कि बिटिया के ताऊ साजिश का शिकार हुए हैं।उन्हें कुछ खिलाया पिलाया गया,जिससे उनकी मौत हो गई। लोगों के आक्रोश को देखते हुए घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।इस संबंध में रेप पीड़िता के पिता ने मंगलवार को बताया कि 35 वर्षीय उसके बड़े भाई रात में कहीं से घर आए थे।जब वे खाना खाकर सो गए और मंगलवार दोपहर अचानक उनकी मौत की सूचना आई।उन्होंने खुला आरोप लगाया है कि पूरे मामले को दबाने के लिए सुनियोजित साजिश की जा रही है। आरोप लगाया है गिरफ्तार आरोपी का सहयोग करने वाले दो –बाप, बेटों ने कोतवाली और चौकी पुलिस को खरीद लिया है इसलिए लोग कुछ कहने को तैयार नहीं है।इस मामले में रेप पीड़िता के पिता का आरोप है कि उसकी बच्ची के मामले में प्रशासन और पुलिस ही नहीं बोलने वालों को भी टेंट हाउस मालिक और कुछ नेताओं ने मिलकर खरीद लिया है। रेप पीड़िता की मां ने रोते हुए कहा कि कोई



इंसाफ करने वाला नहीं है। परिवार वाले इसे सामान्य मौत मानने को तैयार नहीं है। रेप पीड़िता बच्ची के ताऊ की मौत को लेकर बड़ी तेज खलबली मची हुई है।जबकि वहीं कोतवाल अयोध्या देवेंद्र पांडेय ने आरोपों को निराधार बताया है।उनका कहना है पोस्टमार्टम के बाद साफ होगा कैसे मौत हुई,अभी वे कुछ नहीं बता सकते हैं। फिलहाल अब इस मामले को लेकर पुलिस और प्रशासन बुरी तरह से घिर चुका है। इधर, घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ व एसओ समेत भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उनके माता–पिता रेप पीड़िता बच्ची को लखनऊ छोड़कर अयोध्या आ रहे हैं।बच्ची के पिता ने कहा कि लखनऊ में दो लोगों को बेटी की देखरेख में छोड़कर आ रहे हैं।

# लुटेरे फिर हुए सक्रिय रोडवेज से यात्री का बैग लेकर हुए रफूचक्कर

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) फैजाबाद बस अड्डे पर एक चाय की होटल पर यात्री का बैग लेकर दो बदमाश रफूचक्कर हो गये।इस संबंध में भुक्तभोगी प्रदीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि जब वह सुल्तानपुर से गोरखपुर जा रहे थे सुल्तानपुर से फैजाबाद बस अड्डे पर चाय की दुकान पर चाय पीने लगे चाय पी कर लौटे तो देखा उनका बैग जिसमें कुछ कपड़े और ₹60 हजार थे उसको लेकर दो बदमाश रफूचक्कर हो चुके थे प्रदीप कुमार द्विवेदी की माने तो वह चाय पीकर पैसा देने दुकानदार को गए बैग वहीं कुर्सी पर रखा हुआ था जब वह पैसा देकर वापस पलटे तो देखा बैग नहीं था।यह घटना मंगलवार लगभग दोपहर 3:30 बजे की है पास ही में एक और यात्री था उससे प्रदीप कुमार द्विवेदी ने पूछा कि यहाँ हमारा बैग रखा था तो उस यात्री ने कहा कि वह आपका बैग था वह तो मोटरसाइकिल वाले बैग लेकर रफूचक्कर हो चुके हैं यह सुनना था प्रदीप कुमार द्विवेदी परेशान हो गए फिलहाल घटना की सूचना पाकर कुछ देर बाद एक चीता मोबाइल वाले मौके पर पहुंचे थे और सीसीटीवी के जरिए उन बदमाशों की पहचान करने में जुट गए हैं लेकिन इतने व्यस्त इलाके में जहां पर चौकी चंद कदमों की दूरी पर है सामने ही सर्किट हाउस है सर्किट हाउस को देखते हुए वहां भी हमेशा पुलिस की तैनाती रहती है बावजूद इसके बदमाश सक्रिय हैं और पुलिस को अपने काम की भनक तक लगने नहीं दे रहे हैं और आराम से अपना काम करके लोगों का सामान और पैसा लेकर रफूचक्कर होने में कामयाब दिखाई दे रहे हैं।

# डेढ़ माह पूर्व लापता हुई किशोरी को पुलिस ने बरामद करने का किया दावा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के पटरंगा पुलिस ने करीब डेढ़ माह पूर्व लापता हुई किशोरी को बरामद करने का दावा किया।पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर में फरवरी के पहले सप्ताह में एक किशोरी घर से अचानक लापता हो गयी थी किशोरी के पिता ने पटरंगा थाना पहुंच कर गांव के एक युवक पर अपनी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी।पुलिस ने धारा 363 तथा 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी।सोमवार को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि लापता किशोरी पटरंगा मंडी में मौजूद है।सूचना पाकर उपनिरीक्षक अरुण सिंह,महिला सिपाही पूजा के साथ पहुंच कर किशोरी को बरामद कर लिया।कार्यवाहक थाना प्रभारी पटरंगा हरवंश यादव ने बताया कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिये भेज दिया गया है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है।

# चैत्र रामनवमी मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये मंडलायुक्त अयोध्या की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) चैत्र रामनवमी मेला 2022 को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने पुलिस महानिरीक्षक के0पी0 सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय आदि अधिकारियों की उपस्थिति में अन्तर्राष्ट्रीय श्रीरामकथा संग्रहालय अयोध्या में सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट ड्युटीरत पुलिस अधिकारियों एवं कार्यदायी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर उन्हें चौत्र रामनवमी मेले को भव्यता पूर्ण एवं श्रद्धालुओं की सुगमता अनुरूप सम्पन्न कराने के लिए ब्रीफिंग की गयी।इस मौके पर मण्डलयुक्त ने बताया कि आगामी चौत्र राम नवमी मेला–2022 दिनांक 02 अप्रैल 2022 से प्रारम्भ होकर 10 अप्रैल 2022 को चौत्र राम नवमी पर समाप्त हो रहा है।मेले के दौरान मुख्य रूप से अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है और दिनांक 10 अप्रैल 2022 रामनवमी को कई लाख तीर्थ यात्री सरयू स्नान कर नागेश्वर नाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन एवं श्रीराम जन्म भूमि आदि प्रमुख मंदिरों दर्शन–पूजन करते है।उन्होंने मेले में शान्ति–व्यवस्था, विधि व्यवस्था तथा भीड नियन्त्रण हेतु सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि ड्यूटी स्थल का निरीक्षण पूर्व से करले तथा नियत तिथि व समय से पूर्व ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर शान्ति–व्यवस्था सुनिश्चित करें।इस बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय में पानी एवं प्रकाश की ऐसी व्यवस्था कराये जो नियमित बनी तथा संचालित रहे। ऐसी व्यवस्था करें कि तारों को बंदर तोड़ने न पाये, क्योंकि 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं की प्रतिदिन व रामनवमी के बाद भी नियमित रूप से आने की संभावना है। उन्होंने मेला क्षेत्र में सभी शौचालयों व नगर निगम के अन्य विभागों के शौचालय मेले के दौरान 24 घंटे खुले रहेंगे। मेले में विद्युत पोल, स्ट्रीट लाईट के पोल, उनके लगे बाक्स तथा खुले तारों की टेपिंग एवं पोल को प्लास्टिक पन्नी से कवर करने का कार्य समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे कोई घटना न हो सकें।वही इसी कड़ी में पुलिस महानिरीक्षक के0पी0 सिंह ने कहा कि सरयू नदी में श्रद्वालुओं के स्नान के लिए बैरीकेटिंग को कमर के पानी की गहराई तक ही रखा जाय उसके आगे किसी भी श्रद्वालु को जाने की अनुमति न प्रदान की जाय और चेतावनी बोर्ड को बैरीकेटिंग पर प्रदर्शित करें तथा लाउडस्पीकर के माध्यम से समय–समय पर प्रचारित भी किया जाये। उन्होंने पुलिस अधिकारियो को यह भी निर्देश दिये कि मेले में आये श्रद्वालुओ के साथ विनम्रता का व्यवहार किया जाये। उन्होंने बताया कि मेले के लिए 6 जोन, 26 सेक्टर में पुलिस ड्युटी लगायी गयी है व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि राम की पैड़ी पर श्रद्वालुओं के स्नान के लिए नियमित स्वच्छ जल प्रवाहित हो, सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम व पशुपालन विभाग को निर्देश दिये कि मेला क्षेत्र में आवारा पशुओं को पकड़कर नजदीकी गौआश्रय स्थलों पर पहुंचाया जाय तथा खुंखार जानवरों से भी श्रद्वालुओं के बचाव की व्यवस्था भी मेला प्रारम्भ होने से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाय। सभी मजिस्ट्रेट/अधिकारी दिनांक 01 अप्रैल 2022 से प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे निर्धारित समय पर अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय अयोध्या में स्थापित (मेला नियन्त्रण कक्ष) में आहूत बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर मेला की स्थिति से अवगत करायेगें।चौत्र रामनवमी मेले के लिए केन्द्रीय मेला नियंत्रण कक्ष अन्तर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय अयोध्या में बनाया गया है जिसका दूरभाष नं0 05278–232046 व 9120989195 है तथा वाट्सऐप ग्रुप (जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन/मजिस्ट्रेटगण/कार्यदायी विभाग व मेला सहायक (9454402642) है। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट स्थिति कन्ट्रोल रूम नंबर 05278–225829 सक्रिय रहेगा।वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि जल पुलिस, एसडीआरएफ/एमडीआरएफ, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई एवं नहर, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में संयुक्त रूप से सभी घाटों का निरीक्षण कर गहराई को देख लें तथा आवश्यकतानुसार जल बैरीकेटिंग करा लें ताकि डूबने की कोई घटना न होने पाये। विगत 23 मार्च को पुलिस अधीक्षक नगर व अपर जिलाधिकारी नगर ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र का भ्रमण किया गया। नगर आयुक्त विशाल सिंह ने मेले की तैयारियों की जानकारी देते हुये बताया कि नगर निगम के शौचालयों की साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाएं प्रगति पर है शीघ्र पूर्ण कर ली जायेंगी। इसके साथ विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल ट्यलेट, सफाई कर्मचारियों की रोस्टरवार ड्युटी आदि व्यवस्थाएं कर दी गयी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेले की तैयारियों की जानकारी देते हुये बताया कि मेला क्षेत्र में एम्बुलेंस तैनात रहेंगी तथा निर्धारित स्थानों पर चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की ड्युटी लगा दी गयी है जहां पर सभी जीवनरक्षक दवाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहेगी।अधिशाषी अभियन्ता विद्युत ने तैयारी की जानकारी देते हुये बताया कि दो मोबाइल ट्रांसफार्मर मेला क्षेत्र में रिजर्व रखेंगे।मेला क्षेत्र में विद्युत कन्ट्रोल रूम की स्थापना हो गयी है तथा शिफ्टवार कार्मिकों की ड्युटी भी लगा दी गयी है। मेला के दौरान अनवरत विद्युत आपूर्ति के लिए शासन से वार्ता कर ली गयी है तथा ढीले तारों को कस दिया गया है और मेला क्षेत्र में पोलो पर चारों तरफ से पन्नी कवर व खुले तारों को टेपिंग कर ढक दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में खाद्य पदार्थो की नियमित चेकिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दे दिये गये है।इस बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर सहित सम्बंधित मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के सक्त निर्देश के बावजूद विद्युत कटौती से कनेक्शन धारक परेशान

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के तीन उप केंद्रों बीकापुर गौरा गयासपुर व तारुन से संचालित होने वाली विद्युत सप्लाई सूर्य अस्त होते ही गुल हो जाती है ग्रामीण क्षेत्र के कनेक्शन धारकों का कहना है कि मौजूदा समय में हाई स्कूल व इंटर मीडिएट के बच्चों की परीक्षा भी चल रही है ऐसे समय में सायंकाल लगभग 7:00 बजे से 10:00 बजे तक की निरंतर कटौती की जा रही हैसतीनो उप केंद्रों से जुड़े लाइट कनेक्शन धारको कृष्णदेव पांडे हेमंत कुमार बर्मा रवि बर्मा रजनीश यादव सहित सैकड़ों कनेक्शन धारकों में काफी आक्रोश व्याप्त है उपभोक्ताओं का कहना कि जहां योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में 18–20 घंटे बिजली देने का सख्त निर्देश दिया है वही परीक्षा के समय ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्शन धारकों को महज 10 –11 घंटे ही विद्युत सप्लाई मिल पा रही है इस बाबत पूछने पर अवर अभियंता ने बताया की जो सप्लाई ऊपर से मिल रही है वह निरंतर उपभोक्ताओं को दी जा रही है।इस संबंध में अधिशासी अभियंता द्वितीय ने दूरभाष पर बताया की ग्रामीण क्षेत्रों की कटौती के लिए मुख्यमंत्री का आदेश है।इसलिए कटौती की जा रही है ये जिम्मेदार इस तरह का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

## बैंक कर्मी द्वारा पत्रकार के साथ अभद्रता मामले में पत्रकार ने दी तहरीर

अयोध्या।राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)आरोप के मुताबिक बैंक कर्मी द्वारा पत्रकार के साथ अभद्रता मामले में तूल पकड़ता जा रहा है।पीड़ित पत्रकार ने कोतवाली में आरोपी बैंक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस जाँच में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली क्षेत्र के पत्रकार राजेश कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला पूरे काजी कस्बा रुदौली बीते 25–3–2022 भारतीय स्टेट बचत खाता के सम्बंध में के0 वाई0 सी0 जमा करने बाद लाइन में लग कर 100 एक सौ रुपये निकालने हेतु कैशियर के पास पहुंचे तो कैशियर राजेश सिंह ड्यूटी के समय अपना वक्तिगत कार्य करने लगे।जब पीड़ित पत्रकार उनके पास अपने कागजात लेकर पहुंचे तो पत्रकार का आरोप है कि कैशियर ने क्रोधित होकर उनके कागजात फैंक दिए और भद्दी भद्दी गालियां देकर कहा कि अब तुम दो घण्टे खड़े लाइन में खड़े रहोगे तब तुम्हारा काम होगा।पीड़ित पत्रकार के पीछे लाइन में खड़े मोहम्मद रेहान व गुलनाज ने भी कैशियर के अभद्र व्यवहार का विरोध किया तो पत्रकार का आरोप है कि उक्त कैशियर ने गालियां देते हुए उनसे कहा कि तुम तुरंत बैंक से बाहर निकल जाओ नही तो अभी गार्ड को बुलाकर तुम्हे गोली से उड़वा दूंगा।बैंक में मौजूद अन्य ग्राहकों द्वारा भी तब उक्त कैशियर के व्यहवार का विरोध किया गया तो उक्त कैशियर कांउटर बन्द करके चले गए।यही नहीं पीड़ित पत्रकार का यह भी आरोप है कि उक्त मामले की शिकायत जब बैंक के प्रबंधक नितिन कुमार से अपना परिचय देते हुए की तो बैंक के प्रबंधक ने भी तंज कसते हुए कहा कि तुम इतने बड़े पत्रकार हो तुम्हे योगी व मोदी के साथ रहना चाहिए।पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उक्त प्रकरण की रिपोर्ट कोतवाली रुदौली में दर्ज कराने के लिये तहरीर दी है।कोतवाल शशिकांत यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच चौकी इंचार्ज किला प्रमोद यादव को सौंपी गई है।रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# बदलापुर पत्रकार संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बदलापुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जौनपुर पत्रकार संघ की तहसील इकाई मछली शहर के एक पत्रकार ने छुट्टा पशुओं द्वारा बर्बाद की जा रही किसानों की फसल की खबर को संज्ञान में लेते हुए सचिव द्वारा पत्रकार का घर बुलडोजर से गिराने की धमकी देने के आरोप में तहसील इकाई बदलापुर के पत्रकारों ने बुधवार को संघ के अध्यक्ष अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम संबोधित



ज्ञापन तहसीलदार मृदुला दुबे को सौंपा। तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन जिलाधिकारी तक कार्यवाही हेतु भेजी जाएगी! गौरतलब है कि कटाहित खास गाँव निवासी पत्रकार सुनील पाण्डेय ने समाचार पत्र में छुट्टा पशुओं द्वारा किसानों की फसल की बर्बादी की खबर 25 मार्च को प्रकाशित किया था! खबर से आपा खो बैठे उस गाँव के पंचायत सचिव ने पत्रकार पाण्डेय का घर बुलडोजर से गिराने की धमकी दिया है! इस बात को लेकर पत्रकारों में खाशा उबाल है! पत्रकारों ने कहा कि यदि संबंधित ग्राम पंचायत सचिव पर तत्काल एफ आई आर दर्ज कर कार्यवाही नहीं की गई तो पत्रकार संघ कठोर कदम उठाने पर मजबूर होगा। गौरतलब है कि इस अवसर पर महामंत्री शशि गुप्ता सुनील चतुर्वेदी महेंद्र कुमार दुबे अखिलेश यादव अनिल चंद्र श्रीवास्तव ओंकार नाथ मिश्र सत्यम मिश्रा अभिनय सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# सभी शिक्षक नए सत्र से शिक्षण योजना बनाकर शिक्षण कार्य करें – संध्या श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या में जनपद स्तरीय बैठक मे सभी ए आर पी , एस आर जी, डायट मेंटर और खंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति मे आयोजित की गई।जिसमें डायट प्राचार्य संध्या श्रीवास्तव ने सभी से पर्यवेक्षण के दौरान शिक्षको को कार्य योजना बनाते हुए शिक्षण योजना के अनुसार गतिविधि आधरित शिक्षण कार्य करने के लिये प्रेरित करने को कहा।इस मौके पर उन्होंने बताया कि सभी पर्यवेक्षक शिक्षक डायरी पर अवश्य चर्चा करें और शिक्षको को उसे नियमित भरने के लिए प्रेरित करें।इसी कड़ी में एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने शुरुआत से ही बच्चों का रोचक ढंग से प्रेरणा लक्ष्य एप से भाषा और गणित का आकलन करने के लिए शिक्षको को प्रेरित करने के विषय मे चर्चा की।एस आर जी मनीष रस्तोगी ने अप्रैल माह मे कक्षा 1 के बच्चों के 3 माह के स्कूल



तैयारी अभियान के विषय में विस्तार से चर्चा की।एस आर जी अमित कुमार मिश्र ने दीक्षा पर संचालित प्रशिक्षण को पूरा करने के लिए सभी शिक्षको को प्रेरित करने पर बल दिया।ए आर पी यशवीर सिंह तथा कपिल देव सोनी ने बैठक मे अपने अभिनव प्रयासों को सभी से साझा किया। बैठक के अंत में डायट प्राचार्य ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पीड़ित पक्ष से मिलकर उसे न्याय दिलाने के लिये जन सृजन पार्टी के पदाधिकारी ने दिलाया भरोसा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) बुधवार को अयोध्या जिले में जन सृजन पार्टी के पदाधिकारियों ने कोतवाली नगर क्षेत्र के पुरानी सब्जी मंडी डबवाली टोला अयोध्या निवासी कल्लू निषाद एवं उनके पुत्र संदीप निषाद से मुलाकात किया।इस मौके पर पीड़ित संदीप निषाद ने बताया कि वर्तमान समय पुलिस प्रशासन तो उनकी पूरी सहायता कर रही है परंतु इसके वावजूद अभी भी विरोधी पक्ष उन्हें धमकियां दे रहा है।इसके साथ साथ और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है।पीड़ित ने बताया कि विपक्षी द्वारा उन पर यह दबाव बनाया जा रहा है कि वह अपना मकान बेचकर यहां से चले जाएं।इस संबंध में जन सृजन पार्टी के पदाधिकारियो ने विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व सांसद लल्लू सिंह से अनुरोध किया है कि कृपया वह मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस को यह आदेश दें कि पीड़ित परिवार को पूर्ण सुरक्षा दी



जाए।इस मौके पर जन सृजन पार्टी के पदाधिकारियों में मुख्य रुप से प्रदेश महासचिव कार्तिकेय,जिला अध्यक्ष अमित सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ अमित श्रीवास्तव जिला महामंत्री गिरीश त्रिपाठी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिले के रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डेहवा जहानपुर के बीच रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कट जाने से मौत हो गई।युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया साथ ही गांव में मातम सा छा गया। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह 7:15 बजे लखनऊ से फैजाबाद की तरफ जा रही एक ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई।घटना रुदौली रेलवे स्टेशन व रौजागाव रेलवे स्टेशन के बीच में ग्राम डेहवा जहानपुर के पास की है।जानकारी मिलते ही मौके पर जीआरपी व रुदौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव अपने पुलिस बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई तो युवक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान राम केतार 52 साल पुत्र स्वर्गीय चन्दी निवासी ग्राम जहानपुर कोतवाली रूदौली अयोध्या के रूप में हुई।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम हाउस भेज दिया।मृतक राम केतार की माता के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 4 महीने से बीमार चल रहे मृतक राम केतार के ऊपर कई संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत था।जिसके चलते वह जेल में थे।जब राम केतार की हालत ज्यादा ही बिगड़ने लगी तो हालत नाजुक देख राम केतार को छोड़ दिया गया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।